तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

10 दस्तावेज संधारण में अनियमितता, मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का लायसेंस किया निलंबित


11 कलेक्टर ने दिखाई दरियादिली, ग्रामीणों ने बजाई तालियां




# पंचमी में निकासी की परंपरा, कहार और सेवादार लेने जाते थे छत्र व मांई जी की डोली

अविनाश गोस्वामी ▶▶| दंतेवाड़ा

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने मांई जी की डोली व छत्र प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र की अष्टमी को रवाना होती है। दशहरा में शामिल होने बस्तर महाराजा पंचमी में दंतेवाड़ा पहुंचकर मांई जी को विनय पत्रिका भेंट कर आमंत्रित करते हैं। मांई जी की डोली व छत्र को दुल्हन की तरह सजाकर अष्टमी को रवाना किया जाता है। इस बार भी पंचमी को बस्तर राज परिवार के सदस्य और महाराजा कमलचंद भंजदेव दोपहर पहुंचकर मांई जी को बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिये। वहीं जानकारों की माने तो जब आवागमन की सुविधा नहीं थी, सड़क पहुंचमार्ग में तब्दील नहीं हुआ था। तब भी शारदीय नवरात्र के पंचमी के अवसर पर मांई जी की डोली और छत्र निकासी की परंपरा रही। इसी दिन मांई जी की डोली व छत्र को कहार और सेवादार अपने कंधों पर रखकर बस्तर दशहरा में शामिल होने जगदलपुर का लंबा सफर तय करते थे, जिसमें मांई जी की डोली व छत्र शामिल होती थी। समय बदला, तिथि बदली, आवागमन के साधन सुगम हुए, तब एक चीज नहीं बदली वह मांई जी की डोली व छत्र निकासी की परंपरा। पंचमी को ही निकासी की परंपरा निभाई जाती है, लेकिन समय के साथ परिवर्तन हुआ तो मांई जी की डोली व छत्र रवाना होने की तिथि, समग्र संसाधनों के बाद अष्टमी को मांई जी की डोली बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए रवाना की जाने लगी।

**खास बातें**

- अष्टमी को होती है डोली रवाना, दुल्हन की तरह सजाया जाता है वाहन
- गर्भगृह से पटसार मंडप में रखी जाती है मांई जी की डोली व छत्र





**सशस्त्र जवानों द्वारा दी जाती है सलामी**

शारदीय नवरात्र के अष्टमी को जब मांई जी की डोली व छत्र को ऐतिहासिक व विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने जगदलपुर के लिए रवाना होता है, इस दौरान कई रस्मों को निभाने की परंपरा है। जिसमें मां दंतेश्वरी प्रांगण में सर्वप्रथम सशस्त्र जवानों ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बुखार, दर्द और खुजली के मरीज अधिक मिले, स्थिति सामान्य

**जगदलपुर।** ग्राम मुण्डागढ़ व काचिरास उपस्वास्थ्य केन्द्र छिंदगुर विकासखण्ड दरभा में डायरिया से मृत्यु की शिकायत प्राप्त होने पर 2 से 5 अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 105 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण व मलेरिया जांच किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में सर्दी, खांसी, बुखार, कमजोरी, बदन दर्द के मरीज मिले। डायरिया के मरीज नहीं पाये गये। जांच में सामान्य 3, दस्त 1, सर्दी खांसी बुखार 21, शरीर दर्द 19, खुजली-घाव 9, कमजोरी 12, पेट व कमर दर्द के 10 मरीज पाए गए उनकी स्थिति सामान्य है। जिला स्तरीय टीम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा इन ग्रामों का निरीक्षण किया गया।

### नक्सलियों के लगाए आईईडी को किया निष्क्रिय



**गीदम।** 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की डी और एफ कम्पनी व बटालियन बीडीडीएस टीम के जवान बारसूर-पल्ली मार्ग पर स्थित थाना मालेवाही से बोदली कैम्प सीआरपीएफ तक डी-मार्निंग ड्यूटी के लिए निकले थे। जिसमें बटालियन बीडीडीएस टीम को सर्चिंग के दौरान थाना मालेवाही से बोदली की तरफ लगभग 2 किमी की दूरी पर मुख्य सड़क से लगभग 80 मीटर अंदर की तरफ घने जंगल में 4 किग्रा का प्रेशर रिलीज आईईडी बरामद किया। राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशन पर व द्वितीय कमान अधिकारी (परि) विक्रांत वर्मा की उपस्थिति में बटालियन बीडीडीएस टीम के द्वारा 4 किग्रा का प्रेशर रिलीज आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह आईईडी सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मंसूबे से पूर्वी बस्तर डिवीजन की स्माल एक्शन टीम के सदस्य मोटू वेको व आमदाई एरिया कमेटी टीम द्वारा लगाया गया था।

### भानपुरी बाजार में व्यापारियों को बनाया गया भाजपा का सदस्य



**जगदलपुर।** सदस्यता अभियान का रथ नारायणपुर विधानसभा के भानपुरी पहुंचा। सदस्यता प्रभारी लक्ष्मण झा ने बताया कि युवा मोर्चा के पदाधिकारी बाजार में पहुंचकर व्यापारियों एवं आमजन को सदस्यता ग्रहण करवाए। इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, खितेश मौर्य, रामप्रसाद मौर्य, कमलेश दीवान, विनोद पांडे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड व रोवर रेंजर हुए सम्मानित

**कांकेर।** लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में जिले भर के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने एवं आदर्श मतदान के साथ-साथ समस्त मतदान केदो में मतदाता मित्र के रूप में कार्य करने वाले स्काउट गाइड्स रोवर रेंजर्स एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एसडीएम अशोक मार्बल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर हुई कार्यशाला

# जनजातीय समाज की सहभागिता और मौखिक शिक्षा का इतिहास अद्वितीयः लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शहीद महेन्द्र कर्मा विवि का आयोजन

जनजातीय समाज की सहभागिता भाव और मौखिक शिक्षा का इतिहास अद्वितीय है। हमारी बाड़ी और खेतों में जड़ी-बूटी के रूप में औषधी है। यह समाज स्वास्थ्य, शिक्षा, परंपरा के क्षेत्र में सशक्त है। जनजातीय समाज के पास हर प्रकार के ज्ञान का भंडार है। बस जो ज्ञान-परंपराएं परिस्थिति और काल के गर्त में चली गई है उसे उकेर कर सामने लाने की आवश्यकता है।

उक्त बातें सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कही। जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि देश में जनजातीय वीर-वीरांगणाओं के बलिदान की कई भूमि हैं। नई पीढ़ी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। हम अपनी परंपराओं और ज्ञान को भुलाते जा रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित कर भावी पीढ़ी तक ले जाने की जरूरत है। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अतीत से लेकर अब तक देश के निर्माण व विकास में जनजातीय समाज का योगदान अन्य समाज से तिल मात्र कम नहीं है। जनजातीय समाज का हर क्षेत्र में योगदान इतिहास में दर्ज है। वर्तमान की केंद्र सरकार ने सम्पूर्ण जनजातीय समाज के उत्थान के लिए नौ पैरामीटर आइडेंटिफाई कर काम शुरू किया है। इसमें जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 80 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे देश के 63 हजार जनजातीय गांव लाभान्वित होंगे। महापौर सफीरा साहू ने कहा कि जब आधुनिक शस्त्र नहीं थे, तब भी जनजातीय समाज अपने परंपरागत अस्त्रों से देश की आजादी के लिए लड़ा। हम फिर से उस इतिहास को जानने का प्रयास कर रहे हैं। इसे वर्तमान युवा पीढ़ी भी जाने और लोगों को बताए। वनवासी विकास समिति के वैभव सुरंगे ने कहा कि जनजातीय समाज को समझने के लिए केवल विदेशी लेखकों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। जनजातीय समाज के अतीत को जानने के लिए संथाल, मुरिया, मुंडा, गोंड व हल्बा इत्यादि समाज के पुरूखों से मिलना होगा। मुख्य समाज का इस ओर कभी ध्यान ही नहीं गया कि ▶▶| शेष पेज 10 पर



**वीर-वीरांगनाएं प्रताड़ित होकर भी देश के लिए संघर्ष करती रहीं**

कार्यशाला के संयोजक डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि जनजातीय समाज के वीर-वीरांगनाएं प्रताड़ति होकर भी देश के लिए संघर्ष करते रहे। हमें इन वीरों के इतिहास को शोध के सहारे लिखित रूप प्रस्तुत करने की जरूरत है।



**आदिवासी समाज के प्रमुखों की रही उपस्थिति**

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को वनवासी कल्याण आश्रम के राजीव शर्मा, प्रकाश ठाकुर, यज्ञ, उमेश सिंह हरवंशु जोशी ने भी संबांधित किया। इस दौरान 15 नवंबर तक विवि और कॉलेजों में होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा की गई। कॉलेजों में जनजातीय वीर-वीरांगणाओं से लेकर प्रश्नोत्तरी, फोटो प्रदर्शनी, पेंटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम करने जानकारी दी गई। इसमें बस्तर संभाग के 52 कॉलेजों से आए कार्यक्रम के संयोजकों और सह संयोजकों ने भाग लिया। संचालन डॉ. दिनेश ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजाराज तोडेम, दशरथ कश्यप, रामनाथ कश्यप, एस राव, गोपाल भारद्वाज, कमलेश, सत्यनारायण पुजारी, बालसाय नेताम, एसपी बिसेन, डॉ. केपी सिंह, संजय जायसवाल, चेलाराम सिन्हा, गोपालनाथ, विमल पांडेय, शिवशंकर, रूपनाथ पांडेय, अमित कुमार उपस्थित थे।



# मांई के दर्शन के लिए बढ़ रहा पदयात्रियों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम।

- मुख्य मार्ग पर दिन रात नजर आ रही है चहल पहल

शारदीय नवरात्र के अवसर पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में पदयात्री नंगे पांव मंदिर जा रहे हैं। पदयात्रियों के चलते गीदम दंतेवाड़ा मार्ग में विशाल रैली जैसा नजारा दिखाई दे रहा है।

इस वर्ष उत्तर बस्तर कांकेर से लेकर कोंडागांव, जगदलपुर, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा व अन्य अंदरूनी क्षेत्र से पदयात्री मां दंतेश्वरी के दर्शन करने पहुंच रहे है। इनको देखते हुए जिला प्रशासन, समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा पदयात्रियों की सुविधाओं के लिए सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां पदयात्रियों के लिए चाय, नाश्ता के साथ - साथ भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके साथ ही उन्हें ठहरने और आवश्यक इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं भी दी जा रही है। लोगों के द्वारा पदयात्रियों की हर सम्भव सहायता की जा रही है। पदयात्री भी अपने जख्मों को नजर अंदाज कर मां के दर्शन के लिए अपनी आस्था प्रकट करते हुए मां का जयकारा लगाते हुए चलते ही जा रहे हैं। आने वालों दो-तीन दिनों तक पदयात्रियों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है। पदयात्रियों की भीड़ को देखते हुए वाहन चालकों को भी गीदम दंतेवाड़ा मार्ग में आवश्यक एतिहात बरतना चाहिए।

# लूतरा शरीफ का 66वां सालाना उर्स 20 से, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उर्स-ए-पाक में दिखेगी बस्तर की झलक, तैयार हो रहा गेट

बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह लुतरा शरीफ के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा गठित इंतेजामिया कमेटी 6 दिवसीय सालाना उर्स की तैयारियों में जुटी हुई है। इस बार उर्स में शामिल होने वालों को बस्तर की झलक देखने को मिलेगी। इसके लिए कमेटी के बस्तर से सदस्य हाजी वसीम अहमद गेट तैयार कर रहे हैं। इसमें बस्तर की संस्कृति की झलक दिखेगी। साथ ही यहां शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कलम का लंगर भी लगाया जाएगा। पत्रवार्ता में कमेटी के सदर ने बस्तर के लोगों को उर्स में आने की दावत भी दी है।



कमेटी के सदर इरशाद अली सोमवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ जिला कार्यालय में पत्रवार्ता में बताया कि इस बार 66 वां सालाना उर्स पाक आगामी 20 से 25 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इंतेजामिया कमेटी से जुड़े सभी पदाधिकारी,मेंबर के अलावा उर्स कमेटी के तमाम पदाधिकारी उर्स की तैयारियां तेज कर चुके हैं। उर्स का आगाज 20 अक्टूबर की सुबह 11 बजे परचम कुशाई मटका पार्टी पप्पू नौशाही, कामठी ▶▶| शेष पेज 10 पर



### शहर का इकलौता दुर्गा पंडाल जहां रोज होता है भंडारा

**जगदलपुर।** शहर के कई मोहल्लों में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के दुर्गा पंडाल लगाए गए हैं। जहां सुबह से देर रात तक देवी दर्शन और झांकी देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। महादेव घाट दुर्गोत्सव समिति का दुर्गा पंडाल अपने आप में अनुठा और विशिष्ट है। जहां नवरात्र में प्रतिदिन भंडारा किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को इसमें भोजन कराया जाता है। ओडिशा के कोटपाड़ से भोजन बनाने के लिए पंडित को कई वर्षों से बुलाया जाता है। जो यहीं रहकर दिन का भोजन पकाते हैं। शिव मंदिर और भैरमदेव वार्ड के सैंकड़ों श्रद्धालु दिन का भोजन भंडारा में करते हैं। पं. रोमित त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिदिन देवी की पूजा अर्चना में सहस्त्रनाम पूजा और अभिषेक विशेषतौर पर किया जा रहा है। वहीं अन्नदान का नवरात्र में विशेष महत्व है इसलिए श्रद्धालुओं को प्रतिदिन भोजन कराया जाता है। उन्होंने कहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बारिश के बावजूद फूलरथ की हुई तीसरी परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रथ परिक्रमा देखने सैकड़ों की संख्या में रहे श्रद्धालु मौजूद

फूलरथ की तीसरी परिक्रमा में सोमवार को बारिश के बावजूद ससम्मान दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित सिंहड्यौड़ी पहुंचाया गया। रथ परिक्रमा के दौरान अचानक बारिश होने से परिक्रमा में थोड़ा विलंब हुआ बावजद ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा रथ परिक्रमा पूरी कराई गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में रथ खींचने वाले तथा परिक्रमा देखने श्रद्धालुओं बारिश के बावजूद डटे रहे।

गौरतलब है कि विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म फूलरथ कि तीसरी परिक्रमा परम्परानुसार पूरी की गई। परिक्रमा से पूर्व माईं दंतेश्वरी के छत्र को मावली मंदिर में आरती उतारने के पश्चात रथ में आरूढ़ किया गया। तत्पश्चात महिला पुलिस कर्मियों द्वारा देवी के छत्र को रथ में विराजमान होने के बाद सलामी दी गई। जिसके बाद रथ परिक्रमा शुरू किया गया।

सिंहड्यौड़ी से रथ परिक्रमा शुरू होने के बाद सिरहासार भवन से होते हुए गोलबाजार, गुरूगोविंदसिंह चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी तक सुरक्षित लाकर तीसरी परिक्रमा पूरी की गई। इस ▶▶| शेष पेज 10 पर



### अंधेरे में रेडियम रिफलेक्ट होने से वाहन चालकों को दिखेंगे पदयात्री

# माता के भक्तों के पांवों में छाले, यातायात पुलिस कर रही मरहम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आसना से बास्तानार तक हाईवे पेट्रोलिंग कर रही लगातार गश्त

शारदेय नवरात्र में शक्तिपीठ दंतेवाड़ा जाने वाले पदयात्रियों को दुर्घटना से बचाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा एक ओर जहां दिन रात पेट्रोलिंग की जा रही है। वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस के जवान ड्यूटी के साथ ही श्रद्धालुओं के पैरों में आए छालों में महलम लगाकर मरहमपट्टी भी की कर रहे हैं। अंधेरे में दुर्घटना न हो इसके लिए पदयात्रियों के बैगों में रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा है। ताकि दूर से वाहन चालकों को रेडियम रिफलेक्ट होने से पदयात्री नजर आ जाए।

यातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि इस वर्ष पूर्व की अपेक्षा पदयात्रियों की संख्या में भारी ईजाफा देखा जा रहा है। ऐसे में हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा आसना से बास्तानार तक दिन रात पेट्रोलिंग की जा रही है। पदयात्रियों को समझाया जा रहा है कि सड़क पर विश्राम न करें तथा विश्राम के लिए बनाए गए पदयात्री सुविधा केन्द्रों में ही विश्राम करने समझाइश दी जा रही है दुर्घटना से बचा जा सके। डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि हाईवे पेट्रोलिंग व यातायात पुलिस के जवानों द्वारा दुर्घटना रोकने के अलावा पदयात्रियों को शक्तिपीठ दंतेवाड़ा जाने में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए उनके पैरों में मरहमपट्टी करते हुए हर तरह की मदद की जा रही है।





**सामाजिक संगठन, स्वयंसेवक भी कर रहे सेवा :** पदयात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए इस वर्ष जिया डेरा से लेकर बास्तानार तक 25 अलग-अलग स्थानों पर पदयात्रियों के लिए सुविधा केंद्र लगाए ▶▶| शेष पेज 10 पर

**पदयात्रियों के विश्राम व फलाहार की व्यवस्था**

प्रशासन के सहयोग से जगदलपुर से दंतेवाड़ा जाने वाले मार्ग में दो दर्जन से अधिक स्थानों में सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। इस मार्ग पर स्थित जिया डेरा, बालाजी कोल्ड स्टोरेज, तितली गार्डन, मारेंगा, केशलूर, तोकापाल, रायकोट, डिलमिली, कोड़ेनार, किलेपाल, तिरथुम, बास्तानार बाघमुंडी पनेड़ा, आसना, टिऊसगुड़ा, गिरोला, पल्लीनाका आदि स्थानों में पदयात्री सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। आंध्र समाज, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, खनिज व्यापारी संघ, आर्ट ऑफ लिविंग, श्री देवी मेमोरियल ट्रस्ट आदि संस्थान ग्राम पंचायतों के समन्वय से पदयात्रियों की सेवा कर रहें हैं। इन स्थानों में 24 घंटे समाज के स्वयंसेवक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यहाँ श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार और भोजन सहित फलाहार की व्यवस्था कि गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम भी निः शुल्क दवाओं के साथ सुविधा केंद्र में 24 घंटे तैनात रहती है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

## सड़क हादसे में दो की मौत



**धनोरा।** केशकाल थानातंगर्त राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बेड़मा निवासी पत्रकार बरेंद्र सिरसाट के पिता गेंदलाल साहू उम्र 55 वर्ष को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। श्री गेंदलाल 6 अक्टूबर को सुबह करीब 5 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बेड़मा में मार्निंग वाक के लिए निकले थे। उसी दौरान नारायणपुर से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 21 एफ 9693 ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही केशकाल पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंचकर शव व बाइक को थाने ले आई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर शव के पंचनामा उपरांत डॉक्टरी परीक्षण बाद पीड़ित परिवार को सौंपा दिया गया। दूसरी तरफ बाइक सवार चालक चमेंद्रे पटेल उम्र 24 वर्ष का भी हादसे में मृत्यु गई। दोनों शवों के पीएम के बाद पीड़ित परिवारजनों को सौंपा गया है। गेंदलाल साहू बेड़मा निवासी उम्र 55वर्ष विश्रामपुरी ब्लॉक के पेंड्रावंड स्कूल में बाबू थे। हादसे में मौत की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार व मीडिया जगत में मातम छा गया।

## नारायणपुर ने जीत के साथ साल के पहले टूर्नामेंट का किया अगाज



**नारायणपुर** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अण्डर 19 वन डे इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट सिलेक्शन टूर्नामेंट करवाया जा रहा है। जिसमें नारायणपुर का पहला मैच दन्तेवाड़ा के साथ खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी दंतेवाड़ा के बल्लेबाज भेवेश उर्वशा की राइट आर्म ऑफ ब्रेक से डाली हुई फिरकी को बिलकुल भी नहीं समझ पाए। पूरी टीम ही 98 रन में सिमट गई। भेवेस उर्वशा का का साथ 14 साल के तन्मय वर्धा व राहुल जैन ने दिया दोनों ने 3-3 विकेट लिये। दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए 98 रन के लक्ष्य को बड़ी ही आसानी से 20 ओवर में ही चेस कर लिया। जिसमे गौरव नाग ने 49 व सत्यम देवांगन ने नाबाद 18 का योगदान दिया। अगला मैच पुल में मज़बूत जा रही कांकेर से होना है। जिसके बाद सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल के मुक़ाबले होने हैं। पिछले कुछ वर्षों ने नारायणपुर से अनेक खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। ज़िला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अशोक उसेंडी, सचिव कमलजीत आहूजा,कोषाध्यक्ष सुनीलसिंह राठौड़ ने अगले मैच के लिए सभी खिलाड़ियों और कोच पुष्पेन्द्र शर्मा को शुभकामनाएं दीं हैं।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने दी नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल की अनूठी अवधारणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ ग्रीन सबमिट विशिष्ट सम्मान से अपूर्वा को किया गया सम्मानित

रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय ग्रीन समिट के तकनीकी सत्र में 3 अक्टूबर को अपरान्ह में बस्तर की बेटी अपूर्वा त्रिपाठी ने क्षेत्र में जैविक पद्धति से की जा रही उच्च लाभदायक बहुस्तरीय खेती' के अंतर्गत जड़ी बूटियों की खेती तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल की अनूठी अवधारणा पर अपना वक्तव्य दिया। अपूर्वा ने कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन पर्यावरण को बचाने और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझने के लिए है। उन्होंने मां दंतेश्वरी हर्बल फर्म्स एवं रिसर्च सेंटर द्वारा डॉ. राजाराम त्रिपाठी के नेतृत्व में पिछले 30 वर्षों की मेहनत से विकसित नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कुलपति कृषि विश्वविद्यालय ने अपूर्वा त्रिपाठी के प्रदर्शन तथा योगदानों को सराहते हुए ग्रीन सबमिट विशिष्ट सम्मान भी प्रदान किया।






### नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल की विशेषताएं

अपूर्वा ने बताया कि एक पारंपरिक पाली हाउस तैयार करने में करीब 40 लाख का खर्चा आता है। इसकी उम्र अधिकतम 8–10 साल होती है, जिसके बाद इसे कबाड़ में बदलना पड़ता है। इसमें उपयोग होने वाला प्लास्टिक भी पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या है। इसके विपरीत नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल सिर्फ 1 लाख की लागत में तैयार किया जा सकता है। यह कई दशकों तक स्थिर रहता है। इस मॉडल से 10 सालों में 3 करोड़ रुपए की लकड़ी प्राप्त होती है। यानी किसान को एक साल में करीब 30 लाख प्रति एकड़ का मुनाफा। इसके अतिरिक्त इसमें लगे पेड़ों पर काली मिर्च की लताएं चढ़ाकर और पौधारोपण उपरांत बची लगभग 85 प्रतिशत खाली जमीनों पर औषधीय पौधों की खेती भी की जा सकती है। जिससे हर साल 3–5 लाख की अतिरिक्त आमदनी भी होती है। बड़ी बात यह है कि इस कमाई की रकम साल दर साल तेजी से बढ़ते जाती है। यह मॉडल प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला साबित हो रहा है। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि अपूर्वा जैसी बेटियां ही छत्तीसगढ़ और देश का भविष्य संवार सकती हैं।

**कार्रवाई:** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच के दौरान मिलीं खामियां

# दस्तावेज संधारण में अनियमितता, मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का लायसेंस किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ दवाइयों की गुणवत्ता एवं क्रय- विक्रय संबंधी दस्तावेजों का हो रहा परीक्षण

खाद्य और औषधी विभाग मेडिकल स्टोर में शेड्यूल एच1 एवं नार्कोटिक दवाइयों के खरीदी–बिक्री दस्तावेजों के संधारण की जांच कर रहा है। फरसगांव ब्लॉक के ग्राम बड़ेडोंगर में संचालित मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में खामियां मिलने पर औषधि लायसेंस निलंबित किया गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा दवाइयों की गुणवत्ता जांच एवं क्रय विक्रय दस्तावेजों के नियमानुसार संधारण के लिए मेडिकल स्टोर में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में औषधि विभाग द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल एच1 एवं नार्कोटिक दवाईयों के खरीदी–बिक्री दस्तावेजों की जांच की गई।



सभी मेडिकल स्टोर के संचालकों को आवश्यक दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करते हुए दवाइयों को उचित तापमान में रखने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए निर्देशित किया गया। औषधि विभाग द्वारा फरसगांव ब्लॉक के ग्राम बड़ेडोंगर में संचालित मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का औषधि लायसेंस निलंबित किया गया है। निरीक्षण के दौरान शेडयूल एच1 एवं अन्य दवाइयों के खरीदी–बिक्री दस्तावेजों का जाँच किया गया। जांच में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत अनियमितताएँ पायी गई थी। जिसके लिये फर्म के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था। जवाब संतोषप्रद न होने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने इस कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए फर्म मां लक्ष्मी मेडिकल स्टोर का ड्रग लायसेंस 7 दिवस के लिए निलंबित किया है। इसी प्रकार कोण्डागांव शहर में संचालित मेडिकोज से दवाइयों की गुणवत्ता जांच के लिए एमोनेक्स्ट क्रीम नामक दवाई को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया।

### पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्किप्सन के बिना विक्रय न किए जाने के निर्देश

औषधि निरीक्षक सुखचौन सिंह धुर्वे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण के दौरान समय–समय पर दवाइयों के गुणवत्ता जांच के लिए औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जाता है। औषधि विभाग द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाइयों से संबंधित समस्त दस्तावेजों को नियमानुसार संधारित करने एवं मानक दवाइयों की ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दवाइयों के क्रय–विक्रय दस्तावेजों एवं शेड्यूल एच1 रजिस्टर का नियमानुसार संधारण एवं नार्कोटिक दवाई, एमटीपी किट जैसे दवाइयों को पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्किप्सन के बिना विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# पशु का अवैध परिवहन 3 आरोपी हुए गिरफ्तार



■ घटना दिनांक को वाहन छोड़ हुये थे फरार

**कोंडागांव/ केशकाल।** पशुओं का अवैध परिवहन करने वाले तीन फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 02.10.2024 की रात्रि 9:30 बजे प्रार्थी भोगेश्वर नाग पिता तारेश्वर नाग उम्र 23 वर्ष जाति कलार निवासी अरण्डी थाना आकर लिखित में आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था। 2 अक्टूबर की रात्रि 9:30 बजे अरण्डी बांध चौक शोभाराम नेताम के किराना दुकान में दोस्त रूपेश राजपूत, शिवदास मानिकपुरी, चन्द्रकांत कचलाम के साथ बैठे थे। उसी समय पिकअप क्रमांक सीजी–07–सी ए–0803 में 07 गाय–बैल को गाड़ी में वध करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे थे। उक्त पिकअप को रोकने पर उसमें बैठे 3 व्यक्ति वाहन को छोड़कर भाग गए। तीनों व्यक्ति कमजोर गाय बैल को वध करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे थे। पिकअप को गाय बैल सहित थाना लेकर आए हैं। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी विरेन्द्र नाग पिता बालसिंग नाग उम्र 26 वर्ष निवासी बनियागांव थाना धनोरा, संतोष नुरेटी पिता बैशाखू नुरेटी उम्र 25 वर्ष निवासी भोंगपाल थाना उरन्दाबेडा, ओमकार कोरार्म पिता मयाराम उम्र 19 वर्ष निवासी छिंदलीबेका थाना उरन्दाबेडा जिला कोण्डागांव का होना बताये। पूछताछ में तीनों ने गाय–बैल को ले जाना स्वीकार किया। आरोपियों को 7 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल :** उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी केशकाल निरीक्षक विकास बघेल सउनि कवल सिंह सोरी सउनि हेमंत देवांगन प्र आर ईश्वर नेताम आर लीलेश्वर ध्रुव, जगेश नेताम शामिल रहे।

# 2 क्विंटल फूल से सजाया गया बड़ेडोंगर का माँ दंतेश्वरी मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगाँव

■ ग्लोबल बस्तर सामाजिक संस्था ने की पहल
■ केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर सजाया

शारदीय नवरात्र के पहले दिन से बड़ेडोंगर के माँ दंतेश्वरी मन्दिर में भक्तो के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। हर दिन दूर दूर से भक्त माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुच रहे है। हर वर्ष पंचमी, सप्तमी, अष्ठमी और नवमीं के दिन भक्तों की भीड़ अधिक रहती है। सोमवार को नवरात्र के पंचमी के दिन बड़ेडोंगर के ग्लोबल बस्तर सामाजिक संस्था द्वारा पिछले बार की तरह इस वर्ष दंतेश्वरी मंदिर को उत्तरप्रदेश में स्थित केदार नाथ मंदिर की तरह गेंदा फूलों से सजाया जा रहा है। रविवार को संस्था द्वारा 2 किवंटल गेंदे के फूल मंगवाया गया। दोपहर से ही संस्था के सभी लोगों के गेंदा फूल से हार बनाने का काम में लगे रहे। पूरी रातभर सभी लोग माता के दरबार को फूल से सजाने के काम में लगे रहे। सभी के सहयोग से सोमवार की सुबह तक माता का दरबार सज कर तैयार हो गया और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन गया। पंचमी के दिन मंदिर में माता के दर्शन करने वाले भक्तों ने मंदिर को फूलों से सजा देकर बहुत प्रसन्न हुए। कई लोगो ने तो फोटो वीडियो बनाकर डीपी स्टेटस लगाना शुरू कर दिया। पंचमी के दिन मंदिर से सुबह से शाम तक भक्तों के आने का सिलसिला चलता रहा। सभी ने माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की।



कलेक्टर जनदर्शन में मिले 27 आवेदन

# राशन कार्ड, पक्की सड़क, सीसी रोड सहित विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित किया।

जनदर्शन में ग्राम पंचायत जोबा के ग्रामीणों ने गांव में पानी की समस्या, आंगनबाड़ी भवन और स्थायी पटवारी पदस्थ करने की मांग की। कलेक्टर ने ग्राम जोबा में पानी की समस्या के निराकरण के लिए कोसारटेडा जलाशय से पानी की आपूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाने कार्यपालन अभियंता पीएचई को निर्देशित किया। साथ ही तात्कालिक रूप से आवश्यक व्यवस्था के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार जनदर्शन में राशन कार्ड, पक्की सड़क, सी.सी. रोड सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर आज कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए।



### प्रधानपाठक को हटाने की मांग

जनदर्शन में आज माकड़ी विकासखंड के ग्राम पुसापाल निवासी कुमारी भूमिका नाग ने स्वीपर के पद से हटाए जाने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। ग्राम तमरावंड के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक की शिकायत करते हुए हटाने की मांग की और कहा कि वे पिछले दो माह से लगातार अनुपस्थित है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

कलेक्टर ने उनकी शिकायत पर तहसीलदार माकड़ी को जांच के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार केशकाल विकासखंड अंतर्गत कोदोभाट गांव के ग्रामीणों ने भी प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक की शिकायत करते हुए हटाने की मांग की।

## गुजरा में रामधुनी सम्मेलन 8 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। झांकी में 3001 व गायन पक्ष में 2501 रुपए प्रदान किया जायेगा। इस सम्मेलन में दूरदराज की ख्यातिप्राप्त मंडली भाग लेंगी। पंचमी से अष्टमी तिथि तक चलने वाली इस रामधुनी में 24 घंटे श्रीराम का जाप किया जायेगा।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## पेज 9 के शेष

### सशस्त्र जवानों द्वारा दी...

द्वारा मांई जी की डोली व छत्र को सलामी दी जाती है। इसके बाद दुल्हन से सजे वाहन में परिसर से जगदलपुर के लिए रवाना किया जाता है। डंकनी नदी पुल के आगे डोली व छत्र की विधि-विधान से पुजारी द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर परिसर और उक्त स्थल तक नगरवासियों द्वारा आतिशबाजी की जाती है। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल रहते है। तत्पश्चात मांई जी की डोली व छत्र की जगह-जगह पूजा-अर्चना के साथ जगदलपुर पहुंचती है।

### जनजातीय समाज की...

जनजातीय समाज का भी कोई आध्यात्मिक योगदान है और उनका का कोई दर्शन है। जनजातीय समाज को सुनने से ज्यादा महसूस करके समझा जा सकता है। भारतीय इतिहास जहां से शुरू हुआ है वहीं से जनजातीय समाज का भी इतिहास प्रारंभ है। कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई ने कहा कि किसी समाज की संस्कृति नष्ट हो जाती है तो वह समाज भी मिट जाता है। हमें अपने गौरवमयी इतिहास और संस्कृति को युवा पीढ़ी के सहारे आगे तक पहुंचाना है। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के मुख्य संचार प्रमुख डॉ विनोद सोनी ने सभी का आभार माना।

### लूतरा शरीफ का...

नागपुर के साथ किया जाएगा। दोपहर 3 बजे शाही संदल चादर दादी अम्मा की दरगाह में चढ़ाई जाएगी। रात 9 बजे नात मनकबत तकरीर का आयोजन होगा। दूसरे दिन 21 अक्टूबर को दोपहर 12.40 बजे मजार ए पाक का गुस्ल, सलातो सलाम व शिजरा खानी होगी। रात 9 बजे तकरीर का आयोजन होगा। तीसरे दिन रात 9 बजे दिल्ली के कव्वाल चांद अफजाल कादरी अपना कलाम पेश करेंगे। प्रोग्राम के चौथे दिन 23 अक्टूबर को आल इंडिया नातियां मुशायरा कार्यक्रम रात 9 बजे किया जाएगा। 6 वें और अंतिम दिन 25 अक्टूबर को बाद नमाजे फजर कुरान ख्वानी 11 बजे रंग की महफिल व कुल की फातिहा होगी जिसमें मुस्लिम समाज के धर्म गुरु हजरत अल्लामा व मौलाना सैय्यद राशिद मक्की मियां साहब किछौछा शरीफ के द्वारा प्रदेश के अमन चैन की दुआ मांगी जाएगी। पूरे उर्स के दौरान 6 दिन 24 घंटे शुद्ध शाकाहारी दरबारी शाही लंगर के साथ रोजाना सुबह चाय नाश्ते का माकूल इंतेजाम रहेगा। इस दौरान यहां सैय्यद फैसल रिजवी, हाजी रंगराज, सैय्यद मकबूल अली, हाजी डॉ शब्बीर अहमद कारी, नब्बू गौंटिया, नायब सेक्रेटरी हाजी गुलाम रसूल, खजांची रोशन खान, लंगर इंचार्ज मोहम्मद कुद्दूस, मेंबर मोहम्मद जुबेर, हाजी करीम बेग, महबूब खान, रहीम खान, फिरोज खान, हाजी वसीम साहब, सकिब शान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### शहर का इकलौता दुर्गा...

बाहरी सज्जा की बजाय पूजन अर्चन और भोग प्रसाद वितरण पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य राजकुमार खटवानी ने बताया कि इस वर्ष 31वां नवरात्र है कई साल से वार्ड के सेवाभावी लोगों के सहयोग से रोज भंडारा होता है। यह इकलौता दुर्गा पंडाल है जहां नवरात्र पर हर दिन भंडारा किया जाता है। भोजन में चांवल, दाल और सब्जी के अलावा खीर भी बनाया जाता है। देवी दुर्गा के अलावा देवी लक्ष्मी, सरस्वती, भगवान गणेश और कार्तिक की प्रतिमा दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अलावा भंडारा का प्रसाद पाने अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी पहुंच रहे हैं।

### बारिश के बावजूद फूलरथ...

दौरान दशहरा समिति के सचिव व तहसीलदार रूपेश मरकाम व राजस्व विभाग के आरआई व पटवारी सीटी बजाते हुए रथ को रास्ता देते हुए परिक्रमा के दौरान मौजूद थे।

**बारिश के चलते हुआ विलंब :** रथ परिक्रमा के दौरान अचानक मौसम खराब होने व हल्की बारिश होने के चलते कुछ समय तक रथ परिक्रमा रोका गया था। इसके बाद बारिश के बंद होते ही परिक्रमा पूरी कराई गई। फूलरथ की तीन परिक्रमा और होनी है जिसके लिए दशहरा समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। दशहरा समिति सचिव व तहसीलदार रूपेश मरकाम ने बताया कि फूलरथ की परिक्रमा किसी बाधा के सुरक्षित करने पूरी तैयारी कि गई है। वहीं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी परिक्रमा के दौरान मुस्तैद नजर आए।

### माता के भक्तों के पांवों ...

गए है। नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दंतेवाड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर मां दंतेश्वरी के दर्शनार्थ पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं की की सेवा के लिए पदयात्री सुविधा केंद्र स्थापित किए गये हैं। जगदलपुर से लेकर दंतेवाड़ा जिले के सरहद में स्थित बाघमुंडी पनेड़ा के बीच अलग-अलग स्थानों में सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों की ओर से लगभग 25 स्थानों में पदयात्री सेवा केंद्र स्थापित किये गये हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महेश एवं कमला के नवजात शिशु को मिला जीवनदान

**बीजापुर।** माता कमला एवं पिता महेश कोरसा के नवजात शिशु का जन्म 25 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय बीजापुर में हुआ था जिसका वजन सामान्य वजन से बहुत कम और समय से पूर्व 7 माह में पैदा हुआ था। समय से पहले पैदा होने के कारण बच्चे के फेफड़े कमजोर थे बच्चों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी बच्चा सांस नही ले पा रहा था। बच्चे को तुरंत मशीन में रखा गया और साथ में बच्चे के फेफड़ों की वृद्धि के लिए बेहतर उपचार भी दिया गया जिसमें बच्चे की फेफड़े मजबुत व वृद्धि हुई फिर बच्चे को कुछ दिन सीपीएपी मशीन में रखा गया फिर 14 दिनों के लिए संक्रमण कम करने वाली एंटीबायोटिक्स की दवा भी दी गई। फिर धीरे-धीरे ऑक्सीजन की मात्रा को कम किया गया। धीर-धीरे बच्चे के उपचार के पश्चात वजन बढ़ाने के लिए दवाईयां भी दी गई जिससे बच्चे के वजन में बढ़ोतरी हुई। एसएनसीयू में अच्चे सुविधा एवं ईलाज के कारण बच्चे को नए जीवन मिला और बच्चा 40 दिनों के बाद स्वस्थ्य हो कर उनका वजन बढ़ाकर 1.5 किलो ग्राम तक बढ़ गया उसके बाद छुट्टी दिया गया।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का दंतेवाड़ा प्रवास आज

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कल 8 अक्टूबर को



दंतेवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 10.30 बजे अपने गृह निवास लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के उसरीबेड़ा से रवाना होंगे। दंतेवाड़ा में 12.30 बजे देवी दर्शन करेंगे। दर्शन के बाद सर्किट हाऊस में पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों से मेल मुलाकात के बाद 2.30 बजे उसरीबेड़ा के लिए रवाना होंगे।

### राजस्व मंत्री वर्मा का आत्मीय स्वागत



**दंतेवाड़ा।** स्थानीय कारली पुलिस लाईन हेलीपैड में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के एक दिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास में दंतेवाड़ा आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा के साथ में संगठन के पदाधिकारी पवन साय का भी आगमन हुआ। इस दौरान विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय, एसडीएम जयंत नाहटा समेत जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 300 से अधिक ग्रामीण 120 किमी, ट्रैक्टर से 24 घंटे का सफर तय कर पहुंचे जिला मुख्यालय

# कलेक्टर ने दिखाई दरियादिली, ग्रामीणों ने बजाई तालियां

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के बीहड़ कहे जाने वाले ग्राम मेहता, सिंगाराम के 300 से अधिक ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंच कर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान कलेक्टर ने दरियादिली दिखाते हुए अपने चैंबर से निकल कर प्रवेश द्वार तक पहुंच ग्रामीणों से 20 मिनट तक चर्चा की। सुकमा जिले के ग्रामीण अब अपनी बातों को रखने के लिये जिला मुख्यालय तक पहुंचने लगे है। सुकमा से लगभग 120 किमी की दूरी 10 ट्रेक्टरों से तय कर जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां कलेक्टोरेट में अपनी बातों को विस्तार से रखा। इस दौरान सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी कोतवाली प्रभारी शिवानंद तिवारी ने अपने हाथों में लेते हुए ग्रामीणों व प्रशासन के बीच संवाद कराया।

### 10 ट्रेक्टर, 24 घंटे,120 किमी का सफर

सुकमा जिला मुख्यालय से 120 किमी की दूरी पर स्थित कोन्टा ब्लॉक के ग्राम मेहता व सिंगाराम के 300 ग्रामीण आज कलेक्टोरेट पहुंचे। बताया जाता है कि उक्त सभी ग्रामीण 10 ट्रेक्टरों में सवार होकर 6 अक्टूबर को अपने-अपने गांव से रवाना हुए थे, और 7 अक्टूबर के दोपहर सुकमा जिला मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान सभी कलेक्टोरेट के सामने स्थित मैदान में रूके फिर प्रथम बार में 20 ग्रामीणों ने कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से मुलाकात कर चर्चा की।

### ग्रामीणों ने रखी अपनी मांगे

120 किमी का सफर तय कर सुकमा पहुंचे ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत मेहता व सिंगाराम में हम समस्त ग्रामवासियों को वन अधिकार पट्टा दिया जाये व पुराना सचिव जावेद को मेहता व सिंगाराम में पुनः पदस्थ करने के साथ-साथ ग्राम पंचायत मेहता व सिंगाराम में बिजली की मांग की गई। ग्राम पंचायत मेहता व सिंगाराम में नेटवर्क की मांग के साथ-साथ बालक आश्रम मेहता को, मेहता में ही संचालित करने व ग्राम सिंगाराम में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग ग्रामीणों ने की।

### जब कलेक्टर पहुंचे प्रवेश द्वार

सुकमा जिला गठन के बाद संभवतः यह पहला मामला होगा, जहां कलेक्टर ने अपने चैंबर से बाहर निकल कर सीधे प्रवेश द्वार पर पहुंचे गये। असल में पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 सदस्यों को ही कलेक्टर से मिलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने जिद्द करते हुए कहा कि आज तक हमने कलेक्टर को देखा तक नही है, इसलिये हम उनको देखकर चर्चा करेंगे। वहीं कलेक्टर ध्रुव ने ग्रामीणों के जिद्द को स्वीकार करते हुए अपने चैंबर से पैदल चलते हुए प्रवेश द्वार तक पहुंच 300 ग्रामीणों से सीधे रूबरू होते हुए बात की। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी मांगों को बिंदुवार बताते हुए कहा कि इतने लोग एक साथ नही आ सकते, इसलिये हमारी मांगों को गंभीरता से लिया जाये। इस दौरान कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि किसी भी कर्मचारी का स्थानांतरण एक प्रक्रिया के तहत हुआ है। जो भी सचिव आयेगा वो आपके लिये कार्य करेगा। कलेक्टर ने सचिव को वापस लाने की मांग को ठुकराते हुए अन्य मांगों पर अपनी सहमति दे दी। वहीं कलेक्टर द्वारा प्रवेश द्वार तक पहुंच कर ग्रामीणों की बातों को सुनने पर ग्रामीणों ने भी ताली बजा कर आभार जताया।



### सचिव को छोड़ सभी मांगों पर कलेक्टर ने दी हरी झंडी

अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से सीधे चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि दोनों गांवों की जो भी समस्या है, उसे जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ पूरा करेगा। कलेक्टर ने 6 में से 5 मांगों पर मुहर लगाते हुए इसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने की बात कही।

## मुंडापाल की महिलाओं ने विधायक को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

आदिवासी बहुल बस्तर की ग्रामीण महिलाएं अब अपने हक और अधिकार के लिए जागृत और एकजुट होने लगी है। आज विकासखंड बस्तर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुंडापाल की ग्रामीण महिलाएं गांव से करीब 30 किमी का सफर तय कर जिला मुख्यालय जगदलपुर विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल के निवास पहुंचकर ग्राम पंचायत मुंडापाल में नया आंगनबाड़ी और उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग रखी।



महिलाओं ने विधायक बस्तर बघेल से मिलकर अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए कहा कि हमारे पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र ना होने की वजह से काफी परेशानयों का सामना करना पड़ रहा हैं। बच्चे गांव से दूसरे पारा में जाने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग करते कहा कि गांव में ही आंगनबाड़ी केंद्र खोला जाए। जिसपर विधायक बघेल ने तत्काल महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी बस्तर को दूरभाष के माध्यम से गांव के विषय में विस्तृत जानकारी देकर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने के लिए सर्वे जल्द से जल्द करने को कहा हैं। वहीं महिलाओं ने ग्राम पंचायत मुंडापाल में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने की वजह से हमें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। हमें इलाज के लिए हमारे पंचायत से 6 से 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कुड़कानार में जाना पड़ता है। जिससे हम सभी ग्राम वासियों को काफी परेशानी होती है। जिस पर विधायक बघेल ने स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर समस्या का समाधान करने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं मौजूद थी।

## आस्था का सैलाब...



**दंतेवाड़ा।** मां दंतेश्वरी मंदिर में पंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर में जुटी भक्तों की ऐतिहासिक भीड़।

# तत्वदर्शी संत ही सर्वशक्तिमान परमात्मा की प्र्राप्ति करा सकता है : रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

संत रामपाल महाराज के सानिध्य में रविवार को सामुदायिक भवन तोकापाल में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

- नशामुक्ति और सतभक्ति पर लोगों का मार्गदर्शन किया गया



महाराज ने आध्यात्मिकता, सामाजिक सद्भाव और नशामुक्ति विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। श्रद्धालुओं ने उनके प्रवचनों को ध्यान से सुना और सत्संग से गहरी आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त की। महाराज ने प्रवचन में कबीर साहेब की महिमा का बखान करते हुए सतभक्ति की विधि पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि कबीर साहेब ही संपूर्ण ब्रह्मांड के एकमात्र सृजनकर्ता हैं और वे ही सर्व धर्मो्ं के वेद-शास्त्रों के अनुसार सच्ची भक्ति का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने श्रीमद्भगवद गीता के अध्याय 17 श्लोक 23 का प्रमाण देते हुए बताया कि केवल तत्वदर्शी संत ही वास्तविक मंत्र देकर सर्वशक्तिमान परमात्मा की प्राप्ति करा सकता है। महाराज के अनुयायी शास्त्रानुकूल सत्संग का आयोजन कर समाज को जागरूक कर रहे हैं। सत्संग में बताया गया कि संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन से लोग चोरी, ठगी, दहेज और भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों को छोड़ रहे हैं और एक सभ्य समाज का निर्माण कर रहे हैं। अनुयायियों ने बताया कि उनके परिवार, जो पहले नशे और आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे थे, अब महाराज के ज्ञान और नाम दीक्षा से सुखी जीवन जी रहे हैं। इस सत्संग से न केवल बुजुर्ग, बल्कि युवा, महिलाएं और हर जाति-समुदाय के लोग भी प्रभावित होकर सतभक्ति के मार्ग पर चल रहे हैं। संत रामपाल महाराज के तत्वज्ञान से लोग प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें मोक्ष प्राप्ति व सतलोक जाने का सही मार्ग मिल रहा है।

# नगर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं कर रही पदयात्रियों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर के विभिन्न आकर्षक पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। जहां सुबह से लेकर देर रात तक भजन कीर्तन चलता है। साथ ही पद यात्रियों की सेवा माता के सेवकों के द्वारा की जाती है। तहसील साहू समाज द्वारा विगत लगभग डेढ़ दशक से नगर के मुख्य बाजार स्थल के पास माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की जाती है। साथ ही पद यात्रियों की सेवा पूरी लगन व निष्ठा से की जाती है। जिसमें पदयात्रियों के लिए भोजन, फल, चाय ठहरने आदि की व्यवस्था की जाती है। इन सभी कार्यो में गीदम तहसील के पूरे साहू समाज का योगदान रहता है।



वहीं जन कल्याण दुर्गोत्सव समिति हारमपारा में लगभग 25 वर्षों से भी अधिक समय से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। इस दौरान पदयात्रियों के ठहरने, चाय, नाश्ता और खाने की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। साथ ही महिलाओं द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

वहीं शिवम दुर्गोत्सव समिति पीडब्ल्यूडी पारा द्वारा भी विगत कई वर्ष से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है और पदयात्रियों के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। जिसमें उनके खाने, पीने, रहने एवं अन्य चिकित्सकीय सुविधा पद यात्रियों को मुहैया कराई जाती है। मुख्य मार्ग में नगर के मध्य में स्थित बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा भी पदयात्रियों की सुविधा के लिए भोजन व नाश्ते की व्यवस्था विगत कई वर्षों से की जा रही है।

# राजस्व मंत्री टंकराम ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने आज अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राजस्व मंत्री ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। अतः शासकीय योजना का लाभ निचले स्तर तक के ग्रामीणों को मिलनी चाहिए। जिससे परिवार और गांव की आर्थिक स्थिति सुधर सके। इसके लिए विभागीय लंबित कार्यों का निराकरण करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीणों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन जैसे कार्यों के निराकरण में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी जनता की दिक्कतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को ध्यान रखते हुए सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को आय और जाति प्रमाण पत्र के लिए किसी को इधर-उधर भटकना न पड़ें। अविवादित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में



- नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्यों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर तत्काल करें कार्यवाही

यह देखा गया है कि ऐसे प्रकरणों को बिना किसी कारण के अनावश्यक खारिज किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही होनी चाहिए। इसके अलावा किसानों के भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने बढ़ते शासकीय भूमि को अतिक्रमण के विषय में कहा कि अतिक्रमण होने की स्थिति में नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करने के साथ ही शासकीय भूमि का सीमांकन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभी प्रकरण को समय-सीमा के भीतर करने को कहा। मौके पर स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने कार्यों को अच्छी तरह से कर रहे हैं और जो भी लंबित कार्य हैं उसे समय सीमा में तय करें। उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर कठोर कार्रवाई करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिया।

# जोहार भेंट कार्यक्रम में ग्राम प्रमुखों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किलेपाल

बास्तानार ब्लॉक बिरगाली आश्रित ग्राम ढोकम के माटी पुजारी, पटेल, गायता, सिरहा, गुनिया को आदिवासी परिधान वेशभूषा से जोहार भेंट कर सम्मान किया गया। कोयतूर महेश ने कहा कि आदिकाल से कई पुरखों से चलते आ रही नेंग नीति, रीति-रिवाज को इन्होंने आज तक कायम रखा हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी



अपनाते हुए गांव को सुरक्षित बनाए रखते हैं। जिनके कारण आज युवाओं को उनके बताएं गए मार्ग पर चलते हुए अपनी संस्कृति परंपरा, वेश भूषा, नेंग, नीति-रीति, बोली भाषा को कायम रखने की जरूरत है।

## राजस्व मंत्री वर्मा ने की मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना...



**दंतेवाड़ा।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./ 202409170500006/अ-21(2)/2024

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता पति इंदरचंद एवं श्रीमती शीतल सुराना पति पवन जैन, दोनों की जाति जैन, निवासी नारायणपुर तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम नारायणपुर, तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) में भूमि खसरा नम्बर 469/4 रकबा 0.2780 हे. आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि स्थित हैं। आवेदक उक्त भूमि में से रकबा 0.020 हे. भूमि को 5,50000/- पांच लाख पचास हजार रूपये में विक्रय करने का अनुबंध श्रीमती रीना पाल पति श्री हरिकृष्ण पाल निवासी चिकलपदर, दरगागुढ़ा जिला नबरंगपुर-उड़ीसा के साथ सम्पूर्ण विक्रय राशि 5,50000/- पांच लाख पचास हजार रूपये पूर्व में नारायणपुर से प्राप्त भी कर लिया है एवं वर्तमान में उक्त भूमि संबंधी किसी भी प्रकार का भुगतान बकाया नहीं है। उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 21/10/2024 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
नारायणपुर

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. / 202409170500007/अ-21(2)/2023-24

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल पिता मंगतू जाति-कलार निवासी ग्राम सिंगोड़ीतराई नारायणपुर तह. व जिला-नारायणपुर ने आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके नाम पर प.ह.न. 17 नारायणपुर के भू-अभिलेख में खसरा नंबर 43/12 रकबा 0.0320हे. भूमि अधिकार में अंकित है। आवेदक को उक्त भूमि शासन के योजना अंतर्गत प्राप्त हुई है। आवेदक को अपने पुत्र के ईलाज हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि में से खसरा नंबर 43/12 रकबा 0.0320 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता अनिमा मजुमदार पति स्व. एस. के. मजुमदार निवासी गौरवपथ रोड नारायणपुर तह. व जिला नारायणपुर को 10,00000 (दस लाख रूपये) में विक्रय कर 3,00000 (तीन लाख रूपये) अग्रिम स्वरूप प्राप्त कर लिया है एवं शेष राशि का भुगतान भूमि के विक्रय के पंजीयन के पूर्व प्राप्त करेगा। जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 21/10/2024 को इस न्यायालय में नियत हैं।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
नारायणपुर



## खबर संक्षेप

### यात्री सेवा केंद्रों में हो रेडियम की व्यवस्था : सपन



जगदलपुर। नवरात्रि पर मां दंतेश्वरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है काफी संख्या में किशोर युवाओं के साथ अन्य वर्ग के लोग भी पदयात्रा कर रहे हैं। जिसके चलते सड़कों पर पद यात्रियों की संख्या बढ़ने पर वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेता तथा अधिवक्ता सपन देवांगन ने प्रशासन, सामाजिक संगठनों से आग्रह करते कहा कि सेवा केंद्रों में रेडियम अनिवार्य रूप से रखा जाय, जिन पदयात्रियों के बैगों में रेडियम की पट्टी नहीं है उन यात्रियों के बैगों में रेडियम अवश्य लगवाएं। ताकि हाइवे में वाहन चालकों को दूर से ही रेडियम दिखाई दे और वाहन चालक सावधानी से वाहन चला सके। वाहन चालकों से भी अपील करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान डीपर लाइट का उपयोग करें। जिससे खुद की सुरक्षा के साथ पदयात्री भी सुरक्षित रहें।

### पर्वतारोही नैना सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



जगदलपुर। माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहरा कर इतिहास रचने वाली बस्तर की बेटी पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़ को प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

### वर्चुअल बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विचार विमर्श

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय वर्चुअल बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षक मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रम को सफल बनाना है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, पदोन्नति, पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन, लंबित मंहगाई भत्ता व देय तिथि से मंहगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गयी। इस दौरान प्रवीण श्रीवास्तव, शिवसिंह चंदेल, राजेश गुप्ता, मो. ताहिर शेख, अमित पाल, फूलदास नागेश, हरेंद्र राजपूत, लुदर्शन कश्यप, तुलादास मानिकपुरी व अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### टारगेट पूरा करने पदयात्रियों को रोक रहे भाजपाईः मौर्य



जगदलपुर। बस्तर जिला शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के टारगेट को पूरा करने नवरात्र पर दंतेवाड़ा जाने वाले पदयात्रियों को रोक रहे हैं। जो अनुचित और गलत है।

### हिंगलाजिन देवी का छत्र 12 को लाई जाएगी



जगदलपुर। सिद्ध शक्तिपीठ माता रानी हिंगलाज देवी मंदिर बेडागांव से देवी का छत्र सिन्धु भवन में आमंत्रित किया गया है। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि इस वर्ष भी छत्र को आमंत्रित किया गया है। 12 अक्टूबर को शाम 6 बजे देवी का छत्र पहुंचेंगा। बेडागांव हिंगलाजिन मन्दिर के पुजारी छत्र लेकर पहुंचेंगे। सिन्धी समाज की कुलदेवी का सिन्धु भवन के बाहर पूजा की जाएगी। आतिशबाजी एवं फूलों की वर्षा से स्वागत किया जाएगा। सिन्धु भवन में हिंगलाजिन माता रानी के भजन गाए जाएंगे, अरदास एवं पल्लव किया जाएगा। भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## देवी हिंगलाजिन शक्तिपीठ बेड़ागांव में जले सैंकड़ों ज्योति प्रज्ज्वलित...





**नवरात्र पर प्रतिदिन देवी दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु**

जगदलपुर। बकावंड विकासखंड के बेड़ागांव के देवी हिंगलाजिन शक्तिपीठ में सुबह से देर शाम तक देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रियासतकालीन इस मंदिर में विधि विधान के साथ देवी की पूजा अर्चना की जा रही है। बताया गया कि तेल और घी के 300 से अधिक ज्योत श्रद्धालुओं ने जलाएं हैं। परंपरानुसार मंदिर में रोजाना ग्राम के देवी भक्तों द्वारा देवी की पूजा अर्चना हो रही है। ग्रामीण देवी की स्तुति के दरमियान मोहरी और बाजा बजा रहे हैं। रविवार को चतुर्थी और सोमवार को पंचमी के दिन बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ देवी दर्शन में दिखी। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहर के भी श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। नवरात्र पर मंदिर को आकर्षक और भव्य रूप दिया गया है।

# देवांगन समाज की महिलाओं ने किया गरबा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देवांगन समाज भवन में महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा गरबा का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने उत्साह के साथ गरबा किया। समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र देवांगन, अध्यक्ष धमेंद्र देवांगन एवं महिला अध्यक्ष बबीता देवांगन ने कहा कि प्रतिदिन बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा भक्ति गीतों के साथ डांस, फैंसी ड्रेस, मंत्रोच्चार प्रतियोगिताओं, महिलाओं के लिए रंगोली, खुर्सी दौड़ सहित अन्य खेलों का आयोजन नवरात्र के दौरान आयोजित हो रहे हैं। अष्टमी, नवमी को हवन एवं कन्या भोज सहित समाज के सदस्यों के द्वारा भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

## अवनि का नेशनल में चयन बस्तर की टीम दूसरे स्थान पर






हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बस्तर का प्रदर्शन शानदार रहा। बालिका अंडर 14 में नेशनल के लिए बस्तर की अवनि जेना का चयन हुआ है। अवनि को उसके पिता राजेश जेना ने प्रतियोगिता के लिए तैयार किया था और निरंतर कोचिंग दे रहे थे। वे बस्तर टीम के कोच बनकर गये थे। इसके अलावा अंडर 14 बालिका वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए बस्तर की बेटियों ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर बस्तर का परचम लहराया है। अब शतरंज के क्षेत्र में बस्तर भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है तथा दूसरे संभागों को टक्कर दे रहा है। बस्तर की ओर से अवनि जेना, अलंकृता मोहराणा, अवनि जान, हर्षा चन्द्रा ने बालिका अंडर 14 में प्रतिनिधित्व किया था। बालक वर्ग ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया इसमें इसहाक पाशा, दिव्य राज झा, याशिर पाशा, अदनान चामड़ियि ने भाग लिया था। यह जानकारी शतरंज संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं अध्यक्ष शशांक श्रीधर ने दी है।

## वेतन नहीं मिलने से छोटे कर्मचारियों को परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कर्मचारी संघ ने सांसद को ज्ञापन सौंप जल्द निराकरण की मांग की



छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने सांसद महेश कश्यप को मांगपत्र सौंप दैनिक वेतनभोगी और कलेक्टर दर में वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों को न्याय दिलाने का आग्रह किया। रविवार को कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए सांसद से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा।

मांगपत्र में उल्लेख है कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के विभिन्न आश्रम-छात्रावास में वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जा रहा है। साथ ही बस्तर जिले के अनेकों विभाग में शासन के द्वारा देय श्रम सम्मान राशि का लाभ कई कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है। महारानी अस्पताल में कार्यरत कलेक्टर दर कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारियों को 2-3 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान है। साथ ही उद्यान विभाग में कार्यरत कलेक्टर दर कर्मचारी को 4-5 माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों मे रोष व्याप्त है। सभी कर्मचारियों की समस्या पर चर्चा किया गया। सांसद ने सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए सिविल सर्जन से दूरभाष पर वेतन संबंधित जानकारी ली। इस पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। इसी प्रकार उद्यान विभाग के उप संचालक को भी वेतन भुगतान के लिए निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग में कार्यरत कलेक्टर दर के अनेकों कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि नही मिल रहा है उन पर भी चर्चा किया।

संघ के प्रतिनिधि मंडल में कुंज बिहारी ठाकुर, विनोद पाणिग्रही, इंदू सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में विभागीय अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकास खंड लोहण्डीगुड़ा में भारतीय किसान संघ के द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर में विकास खंड अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा की उपस्थिति में राजस्व विभाग अधिकारी, कृषि विभाग अधिकारी, उद्यान विभाग, जनपद पंचायत अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशु विभाग, बाल विकास विभाग सहित विकास खंड सभी विभागों के अधिकारियों के साथ भारतीय किसान संघ ने ब्लाक के सैकड़ों किसान ने सामुहिक बैठक में शामिल हुए। ग्रामवासियों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं को वन टू वन चर्चा कर जानकारी दी। क्षेत्र के किसानों ने अपनी समस्या बताई, जिसमें तत्काल लिखकर समाधान करने आश्वासन दिया गया। विभागीय अधिकारियों से गांवों में मिलने वाली योजनाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क, पेंशन योजनाओं में सुधार लाने को कहा गया हैं। इस दौरान धरमू मौर्य, भरत कश्यप, बोरगु बघेल, श्रीधर कश्यप, लखमी बघेल, कमल पटेल, सुदरू सेठिया, नरेंद्र पांडे, सुकमन, शंकर मौय, समदू राम, रामदीनू मौर्य, सुकालु बघेल, पीलू कश्यप, अजय बघेल, मेघनाथ कश्यप, हिरदू कश्यप सहित किसान उपस्थित थे।

## पदयात्री सेवा केंद्र पहुंचे सांसद...



जगदलपुर। बास्तानार क्षेत्र के पदयात्री सेवा केंद्र पहुंचकर सांसद महेश कश्यप ने पदयात्रियों से भेंट की। उन्होंने सेवा केंद्रों में लगे सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। सेवा केंद्रों में पानी, बिस्किट, फल समेत अन्य सुविधा उपलब्ध होना बताया गया। पदयात्रियों के चोटिल होने पर सेवा केंद्रों में चिकित्सकीय सेवा प्रदान की जा रही है।

## आईएचएफए इंटरनेशनल हेल्थ ने मनाया वर्ल्ड वाकिंग डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- अमिषा, शिखा, पोयाम, शंभू व प्रमीला रहे प्रथम



आईएचएफए इंटरनेशनल हेल्थ एवं फिटनेस एसोशिएसन संस्था द्वारा शहर के इंदिरा स्टेडियम में रविवार की सुबह वर्ल्ड वाकिंग डे यानि पैदल चाल स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें सभी आयु वर्ग के बालक, बालिका, महिला, पुरुषों में 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पद्मश्री धर्मपाल सैनी, अध्यक्षता भूतपूर्व विधायक रेखचंद जैन, अतिथियों में नरसिंह रथ, राम अवतार, मोहन राज भूतपूर्व ऐथलीट, अफजल अली, मोहम्मद हनीफ, बबला यादव, केआर चौहान, राजेन माली, विजय बोरकर, सुजाता राव, पूर्णिमा गुप्ता, अमरजीत रैय्या, सरिता तिवारी, ऊषा श्रीवास्तव, संगीता तिवारी आदि शामिल रहे। स्पर्धा के बालिका 15 वर्ष से कम वर्ग में अमिषा नाग प्रथम, संध्या नेताम द्वितीय, सिप्पोरा तृतीय, बालक 15 वर्ष में शिखर शाह प्रथम, शुभम कुमार झा द्वितीय, आशीष सिंह तृतीय, 15 वर्ष में बालिका पोयाम प्रथम, मैना कश्यप द्वितीय, लक्ष्मी यादव तृतीय, 20 वर्ष बालक में शंभू कश्यप प्रथम, सचिन कुमार द्वितीय, मोती लाल तृतीय, 20 वर्ष से अधिक वाले महिला में प्रमीला मंडावी प्रथम, दयावती यादव द्वितीय, गीता मंडावी तृतीय, 30 वर्ष से अधिक वाले पुरुष में कोहिनूर कश्यप प्रथम, पीताम्बर पोयाम द्वितीय, बलदेव बाग तृतीय, 30 वर्ष से अधिक वाले महिला में तिलेश्वरी कश्यप प्रथम, सुरों मंडावी द्वितीय, कुंती नाग तृतीय, 40 वर्ष से अधिक वाले पुरुष में विनोद पटेल प्रथम, सुखमनी नेताम द्वितीय, सुखदेव कुमेटी तृतीय, 40 वर्ष से अधिक वाले महिला में अमर बती मंडावी प्रथम, भीष्म लता मरकाम द्वितीय, गौरी ध्रुव तृतीय, 50 वर्ष से अधिक वाले पुरूष किशन लाल प्रथम, एल भूपते द्वितीय, डॉ. केएल आजाद, अनूप कुर्रे तृतीय, 50 वर्ष से अधिक वाले महिला में इन्दुमति माला प्रथम, डॉ. गीता सिंह द्वितीय, अमरजीत तृतीय, 60 वर्ष से अधिक वाले में शिवेन्दु राय प्रथम, अशोक रावत नायडू द्वितीय, प्रान वल्लभत साह तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## भंडारा में श्रद्धालुओं को मिला प्रसाद



जगदलपुर। दलपत सागर मार्निंग वाकर्स एवं योगा ग्रुप के द्वारा टेकरी वाले हनुमान मंदिर के सामने माता का भंडारा कराया गया। विगत 5 वर्षो से नवरात्रि के पंचमी तिथि को माता का भंडारा कराते आ रहे है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान मंदिर के सामने अपरान्ह 11बजे से संध्या 7 बजे तक माता का भंडारा कराया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। माता के भंडारा कार्यक्रम मे संजय जैन, कार्तिक, बेचन झा, गणेश ठाकुर, दुर्गेश, जितेंद्र सिंह, दीपक, मंगल, मदन, हेमलाल साहू, डॉ राम, नन्द कुमार, पंकज, मालती, उमा, कुमुदनी, हेमलता साहू, लक्ष्मी सेठिया सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## तेलुगु महासंघम की बैठक में जातीय आरक्षण बना मुद्दा

**आरक्षण की मांग पर राजधानी रायपुर में जल्द होगा प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बालाजी मंदिर परिसर, कल्याण मंडपम में छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंघम की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में तेलुगु महासंघम के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों सहित सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों ने शिरकत की। बड़ी संख्या में जुटे तेलुगु संगठनों के पदाधिकारियों ने तेलुगु समाज की एकजुटता पर बल दिया। कयादातर वक्ताओं ने बैठक के मुख्य एजेंडे पर कहा कि छत्तीसगढ़ में लाखों की संख्या में निवासरत तेलुगु भाषियों में बड़ी संख्या में ऐसे वर्गों से जुड़े लोग भी शामिल हैं जिन्हें संवैधानिक आधार पर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के तौर पर आरक्षण का लाभ मिलता है, परंतु किन्ही कारणों से छत्तीसगढ़ में वे अपने इस अधिकार से वंचित हैं। वक्ताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़ी जातियों से ताल्लुक रखने वाले तेलुगु भाषियों को सामाजिक न्याय दिलाना छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंघम का मुख्य उद्देश्य रहेगा। बस्तर जिला आंध्र समाज की मेजबानी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता तेलुगु महासंघम के अध्यक्ष आर मुरली ने की।

### हाईवे की पटरी किनारे चिकनी मिट्टी बनी राहगिरों के लिए मुसीबत

# कीचड़युक्त सड़क में वाहन चलाना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

- मुरूम की जगह ठेकेदार ने डाल दी मिट्टी, बाईक सवार कीचड़ में फंस रहे

एनएच 30 दरभा-सुकमा मार्ग में कांगेर वेली नेशनल पार्क से गुजरने वाली सड़क के दोनों ओर ठेकेदार द्वारा मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जो चार और दो पहिया वाहन सवार राहगिरों के लिए आफत बनी हुई है। खस्ताहाल सड़क से पहले ही क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के लोग प्रभावित व परेशान है।

अब निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों की परेशानी कम होने की बजाय और बढ़ गई है। बुधवार की देर रात हुई बारिश के बाद शुक्रवार की सुबह पैदावाड़ा पहुंच मार्ग के समीप का नजारा देखते ही बन रहा था। मिट्टी के बीच से वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा था। कई वाहन तो उसी में फंस गए, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद वहां से निकाला गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जिससे राहगिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति कामानार से बाघरफटा तक की है। यहां मिट्टी वाली मुरुम और चिकनी मिट्टी डाल दी गई है। जहां से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है, वहीं दो पहिया वाहन चालक तो कीचड़ में फिसल कर घायल हो रहे हैं। हालत यह है कि जरा भी नजर चूकने पर किसी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**दरभा पहुंचना हुआ मुश्किल**

ग्रामीण दलपत राय, धर्मेंद्र ठाकुर, जयराम, दशमु अनिल, पदम ने बताया कि इस क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों का काम दरभा ब्लॉक में रहता है। जैसे तहसील, थाना, जनपद कार्यालय के काम से रोजाना सैंकड़ों लोग इस मार्ग से आना-जाना करते हैं। कीचड़युक्त सड़क में वाहन चलाना अब आसान नहीं है। कई लोगों ने दोपहिया वाहन से सफर करना ही बंद कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के विद्यार्थी और सरकारी कर्मचारियों की है, जो रोज इसी मार्ग से आवागमन करते है। जब इस विषय में हाइवे के कार्यपालन अभियंता से उनके मोबाइल नंबर 9425262824 में सम्पर्क करने की कोशिश की गई, उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिसके कारण उनका पक्ष नहीं मिल पाया।



**दुरूस्त करने कहा जाएगा**

सड़क पर मिट्टी डाली गई है जिसके कारण राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसमें भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। सड़क किनारे कीचड़युक्त मिट्टी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इसकी जानकारी हाईवे के उच्चाधिकारियों से ली जाएगी और इसे दुरूस्त करने कहा जाएगा।

**अनंत कश्यप,** जनपद उपाध्यक्ष

